हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 232 देहरादून, बुधवार, 08 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08


होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# जन औषधि दिवस के अवसर पर सीएम धामी ने की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क








देहरादून 8 मार्च : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जन औषधि दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के जिन मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब नहीं हैं, उन सभी मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब बनाये जायेंगे। राज्य के सभी चिकित्सा इकाइयों में एमआरआई, सिटी स्कैन की पूरी व्यवस्था एवं टेक्निशियन की कमी को पूरा किया जाएगा, इसमें सभी जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 2022-23 में जन औषधि के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले डॉ. पूनीत धमीजा, जन औषधि मित्र के रूप में श्रेष्ठ कार्य करने वाले मुकुल अग्रवाल एवं जन औषधि ज्योति के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली कुसुम गोयल को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों को जन औषधि दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना अत्यंत आवश्यक है, शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाये रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। बीमारी लगने पर पहले लोगों को महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में जन औषधि केंद्र खोलकर लोगों को सस्ती और सुलभ दवाइयां उपलब्ध कराने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़ा कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे, इसके लिए केंद्र तथा राज्य की सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। आज सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक कार्य कर रही है। जन औषधि योजना के अंतर्गत सरकार कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध करा रही है। इस योजना के द्वारा अभी तक 850 से ज्यादा दवाओं का मूल्य नियंत्रित किया गया है। इन केंद्रों द्वारा हमारी बहनों और बेटियों को सिर्फ एक रुपये में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जन औषधि योजना सेवा और रोजगार दोनों का एक सशक्त माध्यम बन गई है। इस योजना से सिर्फ पुरुषों को ही नहीं बल्कि महिलाओं को भी बहुत लाभ हुआ है। देशभर में एक हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र तो ऐसे हैं, जिन्हें सिर्फ महिलाएं ही चला रही हैं। यह योजना बेटियों की आत्मनिर्भरता को भी बल दे रही है। इस योजना द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में, मलिन बस्तियों में, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले देशवासियों तक सस्ती दवा पहुंचाने में मदद मिल रही है। इस योजना से फार्मा सेक्टर में संभावनाओं का एक नया आयाम भी खुला है, आज मेड इन इंडिया दवाइयों और सर्जिकल्स की मांग बढ़ी हैं और मांग बढ़ने से उत्पादकता भी बढ़ी है, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत मुहिम को भी बल मिल रहा है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के कारण ही आज लोगों को निःशुल्क इलाज के साथ ही सस्ती दवाएं मिल पा रही है। महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना आज देश भर में लाखों लोगों को चिकित्सा के क्षेत्र में फायदा पहुँचा रही है। प्रदेश में अभी तक आयुष्मान योजना के अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से, 70 हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं।

इन सभी 70 हेल्थ एवं वेलनेस केंद्रों में जनसामान्य की चिकित्सा सुविधा के लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म सम्बंधित सभी सेवाओं के साथ-साथ लैब टेस्टिंग जैसी सुविधाओं और जन औषधि केंद्र को भी जोड़ा गया है, ताकि लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्य सरकार प्रदेश में अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य कर रही है। राज्य में भी अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पांच लाख रूपये तक का सुरक्षा कवच दिया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस योजना की नियमित समीक्षा करने को भी कहा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में जो भी जन औषधि केन्द्र खोले जा रहे हैं, उनमें सरकार द्वारा 05 लाख रूपये की सहायता दी जाती है। गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में जन औषधि केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्य को अभी 400 जन औषधि केन्द्र खोलने का लक्ष्य मिला है, 225 जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य की सभी 670 न्याय पंचायतों में कोऑपरेटिव सोसायटी में एक-एक जन औषधि केंद्र खोला जायेगा

## त्रिवेणी घाट पर रही होलिका पूजन को श्रद्धालुओं की भीड़

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में होलिका दहन का जश्न मनाया गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर गुलाल अबीर से सराबोर लोग थिरकते नजर आए। वहीं, सुबह से शाम तक त्रिवेणी घाट समेत विभिन्न स्थानों पर बनी होलिका की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने होलिका की परिक्रमा की और रक्षा सूत्र (कच्चा धागा) बांधकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं एक-दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। मंगलवार को तीर्थनगरी में छोटी होली का उल्लास चारों तरफ नजर आया। बाजार में रंग बिरंगी पिचकारी और रंगों की वैरायटी से दुकानें सजी रही।

### अवकाश

प्रदेश के सभी लोगों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। बुधवार, 8 मार्च, 2023 को दैनिक न्यूज़ वायरस के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगला अंक शुक्रवार, 10 मार्च, 2023 को उपलब्ध रहेगा।

-संपादक

## राज्यपाल करेंगे आज अतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ऋषिकेश। स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन में 35वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट सेनि गुरमीत सिंह करेंगे। महोत्सव में 90 देशों से करीब 100 योग जिज्ञासु विदेशी साधक जुटेंगे। विभिन्न देशों के 75 से अधिक योगाचार्य योग के गूढ़ रहस्यों से साधकों को रूबरू कराएंगे। मंगलवार को सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की जानकारी परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन परमार्थ निकेतन ऋषिकेश की ओर से अतुल्य भारत, पर्यटन मंत्रायल, संस्कृति मंत्रालय और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। बताया कि योग महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह बुधवार को करेंगे, लेकिन मंगलवार को औपचारिक रूप से विश्व शांति यज्ञ के साथ शुरुआत हुई, जिसमें सभी आगंतुकों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। कहा कि योग खुद से जुडने की यात्रा है और यही संदेश हमारे पर्व और त्योहार भी हमें देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के माध्यम से वैश्विक स्तर तक भारत की अमूल्य धरोहर योग, अतुलनीय संस्कृति, वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र और विविधता में एकता की संस्कृति को पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

## डीएम आशीष चौहान ने अफसरों को ठोस कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

पौड़ी। कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा योजना शासी निकाय एवं अन्य केन्द्रपोषित योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान ने आत्मा योजना में शामिल कार्यों का परिणाम केवल आंकड़ों में ही नहीं बल्कि धरातल पर भी दिखने के निर्देश अफसरों को दिए। बैठक में डीएम ने मुख्य कृषि अधिकारी को जिले के वास्तविक रुप से सक्रिय जोतों की संख्या, क्षेत्रफल, संबंधित क्षेत्र व मानचित्र के माध्यम से आंकड़ें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने रबी व खरीफ की फसल की गिरती उत्पादका को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक सोच व तरीके के साथ ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि आत्मा योजना की वार्षिक कार्ययोजना बनाते समय हर छोटे-बड़े किसानों का ध्यान रखा जाय। आत्मा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 करोड़ 70 लाख की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। ठक में मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डीएस बिष्ट, मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा आदि शामिल थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

उत्तरकाशी। भटवाड़ी ब्लॉक की अस्सीगंगा घाटी में नशा उन्मूलन, पर्यावरण स्वच्छता आदि सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाली ग्रामीण महिलाओं को हंस फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय में पठन पाठन कर रहे छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री भी दी गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राइका भंकोली में हंस फाउंडेशन की ओार से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अस्सी गंगा घाटी के भंकोली, अगोड़ा, नौगांव के महिला मंगल दल की महिलाओं को सम्मानित किया गया।

# अच्छी नींद का फॉर्मूला : चैन से सोना है तो चिंताओं को लिखें, शाम को टहलें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट 8 मार्च : दुनियाभर में नींद बड़ी समस्या बनती जा रही है। 8 में से एक इंसान अनिद्रा का शिकार है। रात में नींद न आने से दिन भी खराब हो रहा है और काम करने की क्षमता घट रही है। 'द स्लीप प्रिस्क्रिप्शन' किताब के लेखक और कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक कहते हैं, अच्छी नींद इंसान को दयालु और क्रिएटिव बनाती है। यही नहीं, यह अच्छा पेरेंट और बेहतर जीवनसाथी बनाने में भी मददगार है।

पैंथर ने किताब में बिना दवा को अच्छी नींद के कई वैज्ञानिक तरीके बताए हैं। समाधान नहीं, समस्या लिखना काफीः दिन का कोई समय या सोने से पहले किसी निश्चित समय पर ऐसा करने से दिमाग पर वे परेशानियां सोते समय हावी नहीं होंगी। समस्या लिखिए, समाधान लिखने की जरूरत नहीं है। बेडरूम का इंटीरियर बदल सकते हैंः एक ही जगह पर रोज एक ही तरीके से सोने से भी कई बार नींद नहीं आती। सोने की जगह नहीं बदल सकते तो दिशा बदल दीजिए। कमरे का इंटीरियर बदल सकते हैं। पौष्टिक और हल्का खाना खाएंः शाम को पौष्टिक और हल्का नाश्ता करें। टहलने जाएं। गाना सुनें। अपने बगीचे में पौधों के साथ समय बिताएं। किताबों की अलमारियां साफ करें। परिवार के सदस्यों या फिर अपने दोस्तों से बात करें। कमरे के तापमान का ख्याल रखेंः लैपटॉप-कम्प्यूटर बेडरूम में न रखें। सोते वक्त कमरे को ठंडा और अंधेरा रखें। तेज रोशनी सोने नहीं देती। स्लीप मास्क का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। दिमाग को लैपटॉप की तरह मत ट्रीट कीजिए। सोने के लिए दिमाग का शांत होना जरूरी है। काम खत्म होने के बाद खुद को समय दीजिए। अपने पसंदीदा पुराने टीवी शो देखिए। अगर बिस्तर पर जाने के 20 मिनट तक नींद न आए तो उठ जाइए। घर में या छत पर टहलिए। किताबें पढ़िए। चाय-कॉफी से दूरी बनाएं। कम से कम सोने के 6 घंटे पहले तो कोशिश करें कि न ही पीएं।

# गर्मियों में दोपहर में बाहर निकलना क्यों सेफ नहीं, जानिए



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 8 मार्च : सर्दी खत्म ही हुई थी कि सीधे गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। गर्मी इस साल एक महीना आगे ही चल रही है। अभी से दोपहर में चुभने वाली धूप से चक्कर आना, जी मिचलाना, सिर दर्द जैसी दिक्कतें होने लगती हैं। एकदम से आई गर्मी आपको परेशानी में डाल सकती है। अगर आपने इस मौसम में जरा सी भी लापरवाही बरती तो इससे कई परेशानियों के अलावा जान से भी हाथ धो सकते हैं।

यह सब देखते हुए हेल्थ मिनिस्ट्री ने बढ़ती गर्मी से बचने के लिए क्या करना है और क्या नहीं, इसे लेकर कुछ सुझाव की लिस्ट जारी की है।



खुद को हाइड्रेट रखें।प्यास न लगने पर भी पानी पिएं। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें।सूती कपड़े ही पहनें।

जरूरी काम होने पर आप सारी प्रकाश के साथ निकल सकते हैं। वहीं हार्ट पेशेंट, प्रेग्नेंट महिला के साथ गर्भ में पल रहे बच्चे को, 65 साल की उम्र से ज्यादा के लोग, छोटे बच्चे और नवजात को तेज गर्मी से बचाकर रखें। प्रिकॉशन लेने के बावजूद गर्मी उनके लिए खतरनाक और जानलेवा साबित हो सकती है।

बढ़ती गर्मी से क्या बीमारियां हो सकती हैं

थकान बेहोशी माइग्रेन डिहाइड्रेशन पेट में गड़बड़ी स्किन प्रॉब्लम

दही का सेवन पेट खराब होने पर जरूर करें। दही में प्रोबायोटिक होते हैं। साथ ही दही में गुड बैक्टीरिया भी होते हैं। जिससे दस्त की प्रॉब्लम बहुत कम हो जाती है। दही में भुना जीरा पाउडर, काला नमक और सूखा पुदीना पीसकर रायता जैसा भी बना सकते है। ये पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। गर्मी में पेट की गर्माहट को दूर करने या दुरुस्त रखने के लिए नींबू पानी पिएं। इससे बॉडी हाइड्रेट रहती है। जिससे आराम जल्दी मिलती है।

# शराब ठेकों को लाइसेंस देने से पहले यातायात पुलिस से एनओसी लेने का सुझाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। पुलिस ने जिला प्रशासन को शहर में मुख्य सडक़ और चौराहों पर शराब ठेकों को लाइनेंस नहीं देने की पैरवी की है। ठेकों के बाहर वाहन खड़े होने से जाम की समस्या का हवाला देते हुए लाइसेंस नवीनीकरण में इस बात का ध्यान रखने का सुझाव दिया है। शहर में 11 शराब ठेके ट्रैफिक में बाधा बन रहे हैं।

एसपी ट्रैफिक अक्षय कोंडे ने पत्र के माध्यम से बताया कि शहर में व्यस्त सडक़ों के किनारे शराब के ठेके खुले हुए हैं। कई जगह सडक़ों की चौड़ाई कम है और वाहनों का दबाव रहता है। अक्सर दोपहर बाद बड़ी संख्या में ग्राहक शराब ठेकों में पहुंचते हैं। वाहन सडक़ घेरकर यहां-वहां खड़े कर देते हैं। इससे अक्सर जाम लगता है। यातायात बाधित होने से आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जहां सडक़ों की चौड़ाई कम है, वहां समस्या ज्यादा हो रही है।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि ऐसे 11 शराब के ठेकों को चिह्नित किए गए हैं, जहां बॉटलनेक की स्थिति बन रही है। पत्र में सुझाव दिया कि शराब के ठेकों को लाइसेंस देने से पहले यातायात पुलिस से भी एनओसी लेने का नियम लागू किया जाए, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और बेहतर बनाया जा सके।

यहां है ज्यादा समस्या

राजपुर रोड, घंटाघर के आसपास, जाखन, आराघर चौक, रायपुर रोड, रिंग रोड समेत 11 कई इलाकों में सडक़ पर शराब के ठेकों के बाहर वाहन खड़े होने से जाम लग रहा है।

कल पांच बजे तक बंद रहेंगे शराब ठेके

देहरादून। डीएम सोनिका ने होली पर जिले में शराब के ठेके बंद रखने के आदेश दिए हैं। 08 मार्च को शााम पांच बजे तक शराब के ठेके बंद रहेंगे। डीएम ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारियों और थानाध्यक्षों को अवैध रूप से शराब बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को भी अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी देहरादून को आदेशों का कड़ाई से पालन कराने को कहा। वहीं मंगलवार और बुधवार को अस्त्र एवं शस्त्र की दुकानें भी बंद रहेंगी। अगर ये दुकानें इन दोनों दिन खुली मिलती हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई होगी। डीएम ने इस बाबत भी आदेश जारी किए।

# अब मुफ्त में मसूरी झील से नहीं ले पाएंगे पानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। अब मसूरी झील से टैंकर मुफ्त में पानी नहीं ले सकेंगे। इसके लिए जल्द ही रेट तय होंगे। उप जिलाधिकारी कार्यालय में जल संस्थान और स्थानीय लोगों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। मसूरी में सोमवार को एसडीएम ऑफिस में बैठक आयोजित की गई। इसमें एनजीटी के अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि झील से रेगुलेट कर ही पानी की सप्लाई की जाएगी। एसडीएम नंदन कुमार ने बताया कि एनजीटी में दायर याचिका के बाद जल श्रोत से पानी का दोहन बंद कर दिया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों की मांग के बाद पानी की गुणवत्ता और उसके उपयोग को लेकर उत्तराखंड जल संस्थान के अधिकारियों के साथ वार्ता की गई है। निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक स्रोत से किसी प्रकार की छेडख़ानी नहीं की जाएगी। उत्तराखंड जल संस्थान के सहायक अभियंता टीएस रावत ने कहा कि पर्यटन सीजन में मसूरी में पानी की बहुत किल्लत हो जाती है, इसको लेकर रात्रि के समय टैंकरों से पानी की सप्लाई करने के लिए अनुरोध किया गया है। धोबीघाट निवासी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि 1998 में धोबी घाट जल परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके बाद टैंकरों से पानी की सप्लाई शुरू की गई। इससे धोबी घाट में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, उत्तराखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप साहनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल आदि मौजूद थे।


उत्तराखण्ड शासन
भारत 2023 INDIA
संकल्प नये उत्तराखण्ड का
समस्त प्रदेशवासियों को रंगों के महापर्व
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सामाजिक समरसता एवं सौहार्द का प्रतीक त्यौहार होली समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख और समृद्धि का कारक बने, उत्साह और उमंग के इस महापर्व होली की प्रदेशवासियों को मंगल कामनाएं
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in
uttarakhandDIPR
DIPR_UK
uttarakhand DIPR

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सूर्या सिंह ने महिलाओं की समाज में भागीदारी और अहमियत पर दिया व्याख्यान







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 8 मार्च : शिक्षांकुर द ग्लोबल स्कूल के शिक्षकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, महिला दिवस पर आयोजित इस वर्कशॉप का विषय था प्रोफेशनल,पर्सनल और सोशल लाइफ में ग्रेटर सक्सेस के लिए इमेज मैनेजमेंट। कार्यक्रम मे वक्ता के रूप मे 'एक्सप्रेस फ़ॉर सक्सेस' संस्थान की जानी मानी करियर और इमेज सलाहकार सूर्या सिंह ने स्कूल के स्टॉफ को विस्तारपूर्वक बताया कि शिक्षक वह पैमाना है जो राष्ट्र की उपलब्धि और आकांक्षाओं को मापता है वह असली राष्ट्र निर्माता हैं। इसी तरह शिक्षक एक स्कूल की वास्तविक गतिशील शक्ति है वे रीढ़ हैं जिस पर स्कूल की पूरी संरचना टिकी हुई है।

कार्यक्रम में प्रिंसिपल रचना जोशी को सम्मानित किया उन्होंने न्यूज़ वॉयरस से बात करते हुए बताया कि किस तरह से इस तरह की वर्कशॉप महिलाओं के लिए ज़रूरी है. कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा समाज में किए गए उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर को चिह्नित करने के लिए WICCI ICC उत्तराखंड ने प्रिंसिपल और शिक्षकों को सम्मानित किया।

## विधायक ने होली मिलन में कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

नई टिहरी। घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने घनसाली बाजार में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के लोगों को होली की बधाई दी। मौके पर विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को सम्मानित किया। घनसाली विधायक ने होली मिलन कार्यक्रम में बोलते हुये कहा कि होली प्रेम और सद्भाव का त्योहार है। सभी को रंगों के इस त्योहर को आपसी भाईचारे के मनाना चाहिए। विधायक ने कहा कि लगातार दो बार उनकी जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत हुई है, इसके लिए वह कार्यकर्ताओं के आभारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी दल की रीढ़ कार्यकर्ता ही होता है, इसलिये समय-समय पर कार्यकर्ता का सम्मान किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। विधायक ने घनसाली क्षेत्र के पत्रकारों को शॉल भेंट उनका सम्मान किया।

# होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं को नवाजा

नई टिहरी। उत्तराखंड महापंचायत ने छोटी होली पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में होली मिलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं और बोर्ड परीक्षा में बेहतर स्थान बनाने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंगलवार को शिव दुर्गा मंदिर ढालवाला में प्रतापनगर के ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला की अध्यक्षता में उत्तराखंड महापंचायत होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी केशव स्वरूप ने कहा कि होली मिलन हम सबका भाई-चारे एंव मिलन का त्योहार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने कहा कि होली का त्योहार हमें जीवनभर भाई-चारे से जीना सिखाता है। इस अवसर पर दूर दराज क्षेत्रों से होली मिलन पर एकत्रित हुये लोगों ने आपस में रंग-गुलाल लगाकर मिठाइयां बांटकर होली की शुभकामनायें दीं। होली मिलन में गढ़वाली लोक गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों दी गईं। मौके पर उत्तराखंड महापंचायत ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली आशा, आंगनबाडी वर्कर, महिला समाख्या में काम करन वाली महिलाओं और बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। होली मिलन कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य महंत मनोज, महंत जगदीश, उत्तम चंद रमोला, उत्तराखंड महापंचायत के अध्यक्ष गजेंद्र कंडियाल, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र रांगड, संरक्षक रमाबल्लभ भट्ट, भगवती प्रसाद रतूड़ी, महिपाल बिष्ट, शिव प्रसाद बहुगुणा, योगेश राणा, हिमांशु बिजल्वाण, बीना जोशी, दिनेश कोठारी, शुशील नौटियाल,ब्रहमानंद भट्ट आदि मौजूद रहे।

# लोगों में होली को लेकर दिखा खूब उत्साह

रुद्रप्रयाग। होली को लेकर लोगों में खूब उत्साह नजर आ रहा है। क्षेत्र के बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों के गली-मोहल्ले होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। मुख्यालय सहित जनपद के तिलवाड़ा, मयाली, जखोली, अगस्त्यमुनि, चन्द्रापुरी, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग, खांकरा, नगरासू, सतेराखाल, चोपता, दुर्गाधार आदि स्थानों पर लोगों ने होली का आनंद लिया। अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को बधाई दी। बाजारों में भी सुबह से लोग एक-दूसरे को रंग लगाते नजर। मंगलवार को छोटी होली के दिन भी दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। इधर, बीती रात कई जगहों पर होलिका दहन किया गया। अपर बाजार रुद्रप्रयाग सहित अनेक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। ढोल दमाऊ की थाप पर रातभर लोगों ने नृत्य किया और होलिका दहन किया। बुधवार को लोगों ने पूरे उत्साह के साथ होली मनाई।

## बबीता को मिला दिल्ली में सम्मान

रुद्रप्रयाग। बीते कई सालों से सब्जी उत्पादन में बेहतर कार्य कर रही रुद्रप्रयाग जिले की बबीता रावत को पूसा कृषि विज्ञान मेले में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा नवोन्मेषी किसान सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हें सम्मान मिलने पर जनपद के काश्तकारों ने खुशी व्यक्त की है। मुख्यालय से सटे सौड़ उमरौला निवासी बबीता रावत को नई दिल्ली में वर्ष 2023 के लिए यह सम्मान दिया गया। इस मौके पर देश के अलग-अलग प्रदेशों से 29 किसानों को यह पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने बबीता रावत समेत देश के सभी 29 प्रगतिशील और नवोन्मेषी काश्तकारों को सम्मान के रूप में प्रशस्तिपत्र और प्रतीक चिह्न भेंट किया। कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार बणसू के प्रभारी डॉ संजय सचान ने खुशी व्यक्त की है। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा. हिमांशु पाठक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. एके सिंह भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 80 महिलाओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पुलिस लाइन रतूड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस परिवार की करीब 80 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दी गई। साथ ही महिलाओं से अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। पुलिस लाइन रतूडा में आयोजित चिकित्सा शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष कुमार एवं डॉ. प्रांजलि थापा ने पुलिस परिवार की महिलाओं व महिला पुलिसकर्मियों की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं, रक्तचाप, रक्त की जांच (सुगर, थायरॉइड, हीमोग्लोबिन) की जांच कर उचित मार्गदर्शन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### शांतिभंग पर खानी पड़ सकती है हवालात की हवा

रुडक़ी। होली और शब ए बारात में हुड़दंग मचाने पर हवालात की हवा खानी पड़ सकती है। मुख्य चौक चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। हल्का दरोगा और चेतक शहर और देहात में गश्त करेगी। आज होली का पर्व मनाया जाएगा। मुस्लिम समाज के शब ए बारात का दिन भी है। पुलिस ने पर्व को लेकर जिम्मेदार लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए हैं। ताकि त्योहार प्रेम भाव और शांति से मनाया जा सके। होली दहन के वक्त भी स्थल पर पुलिस मौजूद रही। पुलिस ने कहा कि हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चौक चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। वही हल्का दरोगा और चेतक शहर और गांव में भी नजर रखेगी। पुलिस ने भी डीजे संचालकों को कम वॉल्यूम में गीत चलाने के निर्देश दिए हैं।

### अनियंत्रित होकर ट्रक ढाबे में घुसा

हरिद्वार। सिडकुल में एक ट्रक अनियंत्रित होकर ढाबे में घुस गया। ढाबे में खाना खा रहा एक व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे सिडकुल के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीती तीन मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का ट्रक चालक पप्पू पुत्र किशन निवासी ग्राम जेवर जिला नोएडा, उत्तर प्रदेश सिडकुल में पार्किंग हाईवे स्थित एक ढ़ाबे में खाना खा रहा था। तभी एक ट्रक तेज रफ्तार से आया और अनियंत्रित होकर ढाबे में घुस गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

हरिद्वार। धनोरी-बहादराबाद रोड स्थित एक फार्म हाउस के बाहर ट्रक और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची बहादराबाद पुलिस ने मृतक को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सोमवार रात की है। शुभम (20) पुत्र जुम्मन निवासी बहादराबाद धनौरी की ओर से नहर पटरी मार्ग होते हुए बहादराबाद जा रहा था। जैसे ही वह बहादराबाद में एक फार्म हाउस के बाहर पहुंचा तो बहादराबाद की ओर से आ रहे ट्रक उसको अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अरमान निवासी सलेमपुर घायल हो गया। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि मृतक परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इधर, घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। होली की खुशी मातम में बदल गई है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम.. चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात

हरिद्वार। होली शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर समेत देहात के क्षेत्रों में 185 पुलिसकर्मियों के अलावा पांच पीएसी कंपनी अतिरिक्त तैनात की गई। शहर और देहात क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। मिश्रित आबादी एवं पूर्व में होली के दिन हुए विवादों के मद्देनजर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। शराब के नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से भी पुलिस सख्ती से पेश आएगी। असामाजिक और शरारती तत्वों से सख्ती से पेश आने को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शरारती तत्वों को चिह्नित कर लिया गया है, यदि कोई छोटी सी भी हरकत करेगा तो उससे पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस संबंध में पुलिसकर्मियों को भी निर्देशित किया गया है। एसएसपी ने सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की।

# एसएसपी की मानवता से रोड़ पर पड़े घायल स्कूटर सवार की बची ज़िंदगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

8 मार्च : घने अंधेरे में सड़क लगभग सुनसान थी। रोड़ लाइट की मद्धम रोशनी में अपने कैंप ऑफिस की ओर लौट रहे एसएसपी अजय सिंह को H.R.D.C.चौक के नजदीक एक स्कूटर सवार सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला। अजय सिंह के व्यक्तिगत प्रयासों के बाद जब घायल अस्पताल पहुंचा तो इमरजेंसी में नियुक्त डॉक्टर का भी यही कहना था कि ₹ये अच्छा है कि आप घायल को समय से ले आए अन्यथा नतीजा और बुरा हो सकता था।₹कंक्रीट पर लगे लाल धब्बों के प्रत्यक्ष गवाह बने अजय सिंह ने इस घटना की पड़ताल के साथ-साथ कारणों को जानने के लिए रानीपुर कोतवाल को स्पष्ट निर्देश दिए। घटनास्थल पर प्रारंभिक पूछताछ के दौरान प्रकाश में आया कि सफेद रंग के चौपहिया वाहन की टक्कर लगने से यह दुर्घटना घटित हुई। कारण स्पष्ट हो चुका था किन्तु सड़क से गुजर रहे असंख्य वाहनों के बीच उक्त चौपहिया की तलाश एक मुश्किल काम था। टीम द्वारा लगातार प्रयास करने के बाद घटना के करीब एक माह बाद आरोपी चालक एवं वाहन की तलाश करने में सफलता हासिल की गई। वर्तमान में मुजफ्फरनगर में उपचार ले रहे घायल के परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम विवेचना कर रही है।




# नैनीताल के 28 गांवों में होली के दिन भी पानी नहीं आएगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल। नैनीताल के विभिन्न ब्लॉकों में करीब 28 गांव ऐसे हैं जहां होली के दिन भी पानी की समस्या बनी रहेगी। ऐसे में इन गांव के लोगों को होली के दिन भी पानी के लिए भटकना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कई बार जल संस्थान के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या को उठाया पर उसका समाधान नहीं हो सका। जिले में ओखलकांडा ब्लॉक के टीमर गांव, मल्ला कांडा, भीमताल ब्लॉक खुटानी, जंगलिया गांव, चुनौती, मल्लीताल बाईपास, लथफोड़ा, बेतालघाट ब्लॉक के घग्घरेटी, कफुल्टा, बरगाल, गरजोली, जोग्याडी, जजुला, गजार आदि गांवों में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है। इनमें कई गांवों में तो वर्षों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। वहीं धारी के सुंदरखाल, दड़माने, अघरिया ग्वालाकोट, लेटीबुंगा शशबनी, धारी, लदफोडा, धानाचूली, मनाघेर, गुनियिलेख, पलडा, सरना, बबियाड़, बिरसयां आदि गांवों में भी पानी का संकट बरकरार है।

ग्रामीणों के मुताबिक जल संस्थान व स्थानीय प्रशासन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। ऐसे में उन्हें इस साल की होली भी पानी के संकट के बीच ही मनानी पड़ेगी। घग्घरेटी के ग्राम प्रधान कुंदन नेगी के अनुसार लंबे समय से पानी की लाइन की मांग उठाई जा रही है। हर विभाग के पास जाकर समस्या रखी पर आज तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्हें होली पर भी पानी के संकट से जूझना पड़ेगा।

# कल धरना स्थल पर होली मनाएंगे हरीश रावत

देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत इस बार होली भर्ती मामले की सीबीआई जांच के लिए आंदोलनरत बेरोजगारों के साथ एकता विहार धरन स्थल पर मनाने का निर्णय लिया है। हरीश रावत ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि वो बुधवार की दोपहर नौजवानों के साथ होली के रंग और गुजिया की मिठास बांटने एकता विहार धरना स्थल पहुंचेंगे। हरीश रावत ने लिखा है कि नौजवान एक अच्छे उत्तराखंड के लिए संघर्षरत हैं, इसलिए वर्तमान ओर भूतकाल को एक मंच पर आकर इस लड़ाई को लडऩा होगा। इधर, कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बेरोजगार युवाओं के आंदोलन पर दिए गए भाजपा नेता शादाब शम्स के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युवाओं को कांग्रेस की टूल किट करार देना, बेरोजगारों का अपमान है। इस तरह के बयान को सहन नहीं किया जा सकता है। भाजपा को इस पर माफी मांगते हुए, बेरोजगारों की मांगों का समर्थन करना चाहिए।

## गन्ना मूल्य का आदेश जारी, सामान्य प्रजाति के लिए प्रति कुंतल 345 रुपये तय

देहरादून। सरकार ने गन्ने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का आदेश जारी कर दिया। गन्ना सचिव विजय कुमार यादव के अनुसार सामान्य प्रजाति के लिए प्रति कुंतल 345 रूपये मूल्य तय किया गया है। जबकि अगैती प्रजाति के गन्ने के लिए 355 रुपये प्रति कुंतल मूल्य दिया जाएगा। गन्ना सेंटरों से चीनी मिल तक गन्ना लाने के परिवहन खर्च के रूप में प्रति कुतंल 9.50 रुपये की कटौती की जाएगी। सभी चीनी मिलों को गन्ना किसानों को राज्य सरकार से तय मूल्य के अनुसार गन्ना की खरीद करनी होगी।

## नीम करौली का दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार गौला में गिरी

हल्द्वानी। कैंची धाम में नीब करौली महाराज के दर्शन कर लौट रहे भजनपुरा दिल्ली निवासी परिवार की कार गुलाबघाटी में अनियंत्रित होकर गौला नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार दंपति और उनकी पांच वर्षीय बेटी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची काठगोदाम पुलिस ने तीनों को सकुशल बाहर निकाला और इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। काठगोदाम पुलिस के मुताबिक भजनपुर दिल्ली निवासी मोहित मिश्रा अपनी पत्नी प्रीति और बेटी नितिशा के साथ नैनीताल घूमने आए हैं। मंगलवार को वह नीब करौली महाराज के दर्शन कर नैनीताल होते हुए हल्द्वानी लौट रहे थे। गुलाबघाटी के पास मोहित ने अचानक नियंत्रण खो दिया और कार करीब सौ फीट नीचे नदी में जा गिरी। सूचना मिलते ही काठगोदाम थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक और मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज आलम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तुरंत दंपति और बच्ची का रेस्क्यू शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को नदी से निकालकर सरकारी वाहन से नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## जन औषधि केन्द्र पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजक्टः भट्ट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं राज्यमंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को एसटीएच में जन औषधि दिवस का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने मरीजों को जन औषधि किट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि जन औषधिय केन्द्र की शुरूआत पीएम नरेंद्र मोदी की ड्रीम योजना के तहत की गई है। जन औषधि केंद्र खुलने से देश में रह रहे हर तबके को राहत मिली है। जो मरीज बाहर से महंगी दवाएं नहीं खरीद सकते, वह जन औषधि केंद्रों से सस्ते रेट पर दवाएं खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर गरीब को समुचित इलाज के साथ सस्ती दवाइयां आसानी से उपलब्ध कराना। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, सीएमओ डॉ. भागीरथी जोशी, एसीएमओ डॉ. रश्मि पंत, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिपं सदस्य कमलेश चंदोला, शंकर बोरा, कल्पना बोरा, रेनू अधिकारी, शांति भट्ट, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी अजय शर्मा, गरिमा जोशी, अंकिता कांडपाल मौजूद रहीं। दिसंबर 2023 तक खुलेंगे दस हजार केंद्र केंद्रीय रक्षा एवं राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि देश में अभी तक 9177 जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं।



# मुख्यमंत्री आवास में आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा होली के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने भागीदारी कर मुख्यमंत्री को होली की बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आत्मीयता के साथ सभी से मिले तथा होली की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने उमंग और आपसी सौहार्द के पर्व को आपसी सद्भाव तथा भाईचारे के साथ मनाने की सभी से अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति आपसी भाईचारे का संदेश देती है। होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख शांति एवं समृद्धि के साथ खुशहाल जीवन की भी कामना की।







# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के घर पहुँची कुमाऊँनी होली, जमकर नाचे मंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 8 मार्च : प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंलगवार को होली के शुभ अवसर पर अपने सरकारी आवास में ''हमारी पहचान-रंगमंच'' के होलियारों ने पारंपरिक कुमाऊंनी होलियां गीत गाकर उनके परिवारजनों, उपस्थित लोगो एवं राज्य के नागरिकों को शुभाशीष दिया और प्रदेशवासियों की उन्नति, सुख व समृद्धि की कामना की।कैबिनेट मंत्री ने होलियारों के साथ फाग एवं नृत्य कर होली आयोजन का आनन्द लिया। कार्यक्रम के दौरान पारंम्परिक पोशाक में सभी होलियार, छोलिया नृतक एवं मसकबीन व ढ़ोल-दमाऊं की थापो ने होली के रंग जमाये। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि होलिका दहन जैसे प्रतीकों के माध्यम से सामाजिक एवं व्यक्तिगत बुराईयों को नष्ट करने तथा होली के मोहक रंगों को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाना चाहिए उन्होंने कहा की होली का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाएं लेकिन हमें इस होली पर सभी को संकल्प लेना होगा होली के दिन अपने अंदर की सभी बुराइयों को समाप्त करें तभी जाकर होली मनाना सार्थक होगा। मंत्री गणेश जोशी ने मंगल कामना करते हुए कहा यह होली सभी के जीवन में होली के रंगों को तरह खुशियां आए।इस अवसर पर बीजेपी महानगर सिद्धार्थ अग्रवाल, बीजेपी नेता नेहा जोशी, सुरेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, प्रदीप रावत, आरएस परिहार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# कारोबार उजड़ने की आशंका से चिंतित हुए व्यापारी, विधायक से लगायी गुहार

न्यूज वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर। जी-20 की रामनगर में होने जा रही बैठक से पूर्व प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर चलाए जा रहे अभियान से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की ओर से रामपुर-काठगोदाम नेशनल हाईवे पर सड़क के बीच से 100 फीट तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी और 12 मार्च तक खुद अतिक्रमण हटाने के मौखिक नोटिस के बाद व्यापारी लामबंद हो गए हैं। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंगलवार को विधायक शिव अरोरा के कार्यालय में पहुंचकर उनको अपनी चिंताओं से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि जी-20 के बहाने कई दशकों से यहां व्यापार करते आ रहे व्यापारियों को उजाड़ने की प्रशासन की मंशा है। उन्होंने इस कार्रवाई को रोकने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि अगर होली के दिन तक उन्हें राहत नहीं मिलती है तो वह गुरुवार को अपनी दुकानों की चाबी विधायक अरोरा को सौंप देंगे। फिर चाहे प्रशासन दुकानों को ध्वस्त करे या कुछ भी करे। उन्होंने विधायक अरोरा से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। मंगलवार को व्यापारी सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बाजार में इक्_ हुए और वहां से जुलूस निकालते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधायक शिव अरोरा के कल्याणी व्यू स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां भी व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।


इस दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि दशकों से व्यापार करने वाले दुकानदारों को हटाने का प्रशासन ने तुगलगी फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा कि हाईवे के मध्य से 100 फीट तक को अतिक्रमण माना गया है। इस परिधि में प्रारंभिक तौर पर ही करीब 60 दुकानदार प्रभावित होंगे। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है। उन्होंने कहा कि अगर जी-20 को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है तो व्यापारियों को उजाड़ा न जाए। व्यापारी सहयोग को तैयार हैं। व्यापारियों को अगर तीन दिन अपनी दुकानें बंद भी करनी पड़ें तो वह कर देंगे। अन्य जगहों की तरह यहां भी पर्दा लगाकर समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से बीते दिन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के बाद दुकानदारों को 12 मार्च तक अतिक्रमण हटाने की मौखिक चेतावनी दी गई। ऐसे में ठीक होली के त्योहार पर व्यापारी अपना कारोबार उजड़ने की आशंका से चिंतित है। उन्होंने विधायक से जिलाधिकारी से वार्ता कर अभियान रुकवाने की मांग की।

ये व्यापारी रहे मौजूदः अमरदीप सिंह, मंगू, मनीष मुंजाल, आशीष शाह, नरेन्द्र चावला, हरीश जुनेजा, अब्दुल रहमान, नरेश साहनी, मोहम्मद इकबाल, राजीव राठौर, बाबूराम, ओमप्रकाश, सानू खान, हरप्रसाद, केशव नारंग, अनुराग, हर्ष रावल, बिक्की रावल, अनिल कक्कड़, इदरीस सलमानी, हबीब सलमानी, नरेन्द्र सिंह, इन्द्रजीत सिंह,विनोद श्रीवास्तव, गुरविंदर सिंह, मोनू, सत्यंत कामरा, हरजिंदर सिंह, राजकुमार बांगा, राजामदान, भूरा, राज सोनकर, नंदकिशोर, दाताराम, अजय सक्सेना आदि।

## मां वाराही धाम में बारिश के लिए जलाभिषेक किया

चम्पावत। बारिश की कामना को लेकर मां वाराही मंदिर में 108 बार जलाभिषेक किया गया। मान्यता है कि मां वाराही मंदिर में जलाभिषेक करने से बारिश होती है। ग्रामीणों ने इसी मान्यता को लेकर ये धार्मिक आयोजन किया। मंगलवार को बैरख गांव के लोगों के आह्वान पर चार खाम सात थोक ने मिल कर 108 बार मां वाराही मंदिर में जलाभिषेक किया। पुजारी हर सिंह मेहरा ने बताया कि मान्यता के अनुसार देवीधुरा में स्थित मां वाराही के नौले के जल का अभिषेक करने से बारिश होती है। इसी मान्यता को लेकर 108 बार जलाभिषेक करने के साथ ही पूजा अर्चना की। यहां पुजारी दीपक जोशी, नैन सिंह, प्रकाश सिंह मेहरा, जीत सिंह, दिनेश मेहरा, पान सिंह, गंगा सिंह चम्याल, मोहन लमगडिया, जीवन लमगडिया, विपिन जोशी, रोहित मेहता रहे।

## संपादकीय



### इंफ्रा विकास तेज हो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में गति लाने का आह्वान किया है. उन्होंने इसे अर्थव्यवस्था की अग्रणी शक्ति बताते हुए कहा है कि इससे 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी. वे प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय योजना पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. यह योजना एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे अक्टूबर 2021 में शुरू किया गया था. इसके अंतर्गत केंद्र सरकार के 16 मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ मिलकर विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को जोड़ने वाली इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं. इस योजना में सभी बड़ी परियोजनाओं को वित्त वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. वर्ष 2014 से 2019 के बीच केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र ने लगभग 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश इंफ्रास्ट्रक्चर में किया था. वर्ष 2025 तक इसे दुगुने से भी अधिक करने का इरादा है. राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने अपने निवेश को लगातार बढ़ाया है. वित्त वर्ष 2014 में केंद्र सरकार का पूंजी व्यय 1.88 लाख करोड़ रुपये था, जिसके वित्त वर्ष 2024 में 10 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है. राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण को देखें, तो 2014 की तुलना में निर्माण औसत लगभग दुगुना हुआ है. इसी प्रकार, रेलमार्गों के विद्युतीकरण में भी बड़ी तेजी आयी है. प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया है कि 2014 से पहले हर साल औसतन 600 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण होता था, अब यह आंकड़ा लगभग चार हजार किलोमीटर हो चुका है. इससे यह भी इंगित होता है कि देश में विद्युत उत्पादन में भी बड़ी बढ़ोतरी हुई है. यद्यपि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, लेकिन विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को पूरा करने के लिए वृद्धि दर को बढ़ाने की जरूरत है. यह जरूरत इसलिए भी है कि महामारी, भू-राजनीतिक संकट और अन्य कारकों के झटके विकास को कभी भी अवरुद्ध कर सकते हैं. इसके लिए, सड़क, रेल, लॉजिस्टिक, भंडारण, डिजिटल संसाधन, ऊर्जा, उत्पादन आदि हर क्षेत्र में प्रगति की आवश्यकता है. कई परियोजनाओं को पूरा होने में देर लगती है और उनकी लागत बढ़ जाती है. ऐसा भी होता है कि ठीक से चिन्हित नहीं होने के कारण कुछ बेहद अहम परियोजनाओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता है. ऐसी समस्याओं के समाधान में गतिशक्ति योजना ने बड़ा योगदान दिया है. इस वर्ष प्रस्तुत बजट में सौ सबसे अहम परियोजनाओं को रेखांकित कर उनके लिए 75 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिनमें 15 हजार करोड़ रुपये निजी क्षेत्र से आयेंगे.

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं पर आधारित जागरूकता नाटकों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आध्यात्मिक राजयोग के जरिए महिला सशक्तिकरण की अलख जगाने वाली प्रजापिता बह्माकुमारी ईश्वरीय विवि श्रीनगर की प्रभारी बीके नीलम बहन एवं योग के जरिए, लोगों का स्वस्थ्य जीवन जीने की कला सिखाने वाली पंतजलि योग पीठ की सह प्रभारी लक्ष्मी पंवार शाह को महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ठ योगदान देने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र धिरवाण, मुख्य वक्ता प्रजापिता बह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के उत्तराखंड के निदेशक एवं प्रभारी बीके मेहर चंद, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अनिता बुढ़ाकोटी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना गैरोला, बीके नीलम, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, गायनी विभाग के एचओडी डॉ. नवज्योति बोरा ने दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कराने की प्रशंसा की। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार, डॉ. व्यास राठौर, डॉ. ललित पाठक, डॉ. तृप्ति, डॉ. अनुष्का, डॉ. नेहा, संजय गुप्ता, रेखा रावत गुप्ता, अरूण बडोनी, संदीप पंवार, मुकेश उनियाल, विजयलक्ष्मी उनियाल, विजेन्द्र सिंह, जतिन सिंह, भवतोष, मनमोहन सिंह, विक्रम भंडारी, रूचि पुरोहित, रूचि काला, कुसुम मैठानी, नाहिद अख्तर, दीपा, प्रशांत सहित मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

## लोहाघाट के छिड़ाखाल गांव में पानी को हाहाकार

चम्पावत। लोहाघाट के छिड़ाखाल में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लोग हैंडपंप के सहारे पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं। हर घर नल हर घर जल योजना से भी यहां के लोग वंचित हो गए हैं। विकास खंड लोहाघाट के छिड़ाखाल में वर्षों से लोग पेयजल समस्या के निदान की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नाराज दवा व्यापारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी। रिटेल केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने औषधि नियंत्रक की ओर से फुटकर दवा विक्रेता संबंधी आदेश पर रोष जताया है। मंगलवार को एसोसिएशन के सचिव मनोज जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों ने मेयर डॉ. जोगेन्द्र रौतेला से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने दवा विक्रेताओं ने कहा कि आदेश में दुकान में अनिवार्य रूप से फार्मासिस्ट के एप्रेन पहनने, फार्मासिस्ट नेमप्लेट भी लगाएंगे, दुकानदार नो बिल, नो पिल का बैनर व अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने आदि के निर्देश दिए हैं, जो कि अ ?व्यवहारिक हैं। दवा विक्रेताओं ने थोपे जा रहे नियम कायदों पर रोष जताते हुए नियमों को वापस लेने की मांग की। इसके बाद मेयर डॉ. रौतेला के माध्यम से सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन भेज ठोस कार्रवाई की मांग की। मामले में सामूहिक कार्रवाई न होने पर सामूहिक बंदी की चेतावनी दी है। इस दौरान विवेक भसीन, राजेन्द्र चंद्र जोशी, लव, प्रदीप जोशी, जगदीश चन्द्र पंत, राजेश पंत, हसनैन, एहतेशाम, राजू बिष्ट, धीरज फत्र्याल, अमरा, संजय बेलवाल, जयदीप साहनी, दीपक तिवारी, अनुज, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी ने फांसी लगाकर जान दी

हल्द्वानी। पिरूमदारा क्षेत्र में एक व्यापारी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिरूमदारा गांव के बेनी बिहार निवासी निमिश पुत्र महेश जिंदल (42) की पत्नी पूनम जिंदल सोमवार शाम को अपने तीनों बच्चों को लेकर रामनगर स्थित अपने मायके गई थी। इस बीच व्यापारी घर में अकेला था। मंगलवार को पत्नी ने फोन किया तो वह रिसीव नहीं हुआ। इस पर पत्नी घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर परिजनों और मोहल्ले वालों की मदद से दरवाजा तोड़कर देखा तो कमरे में व्यापारी पंखे लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक व्यापारी की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। व्यापारी ने आत्महत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है।

### रामगढ़ में होली के दिन आज भी जारी रहेगा धरना प्रदर्शन

नैनीताल। रामगर में उद्यान भूमि को बचाने के लिए ग्रामीण और जनप्रतिनिधि बुधवार होली के दिन भी धरना देंगे। धरने पर डटे ग्रामीणों ने कहा कि मल्ला रामगढ़ उद्यान भूमि हस्तांतरण करने वाली सरकार धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों की सुध नहीं ले रही है। धरने के दौरान मंगलवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि सरकार होली मनाएं पर हम होली के दिन भी धरना प्रदर्शन करेंगे। सरकार प्रशासन मूक दर्शक बन रही है तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष अभय पाण्डे ने कहा कि होली के दिन भी धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 4.4 एकड़ उद्यानभूमि किसानों को अच्छी किस्म के पेड़-पौधे उपलब्ध कराने के लिए विभाग को दी गई थी। पर सरकार ने किसानों को छलकर उद्योगपतियों को जमीन निःशुल्क हस्तांतरित कर दी है। 30 दिन से किसान धरने पर बैठे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जो सरकार किसानों की नहीं सुन रही वो जनता की क्या सुनेगी। उन्होंने कहा कि अब निर्णय कर लिया है कि जान जाएगी पर जमीन को नहीं जाने देंगे। इस दौरान धरने में मुदित जोशी, नरेश मेहरा, कौशल जोशी, पुरन पाण्डे, अमन दरमवाल, दीपांशु सेन आदि मौजूद रहे।

### चीनी मिल के गियर बॉक्स का बैरिंग टूटने से तौल हुआ प्रभावित

रुडक़ी। उत्तम चीनी मिल में आए दिन आ रही तकनीकी कमी से चीनी मिल गेट पर गन्ने की तौल कराने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को सुबह करीब दस बजे उत्तम चीनी मिल में तकनीकी कमी आ गई। जिसके बाद चीनी मिल गेट पर गन्ने की तौल कराने पहुंचे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इलाके के करीब 20 से ज्यादा गांव के किसान उत्तम चीनी मिल गेट पर गन्ने की तौल कराने पहुंचते हैं। चीनी मिल बंद हो जाने से चीनी मिल यार्ड और हाईवे पर गन्ना लदे वाहनों की भीड़ लग जाती है। भारतीय किसान यूनियन के मंडल महामंत्री अरविंद कुमार राठी का कहना है कि चीनी मिल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आए दिन मिल में तकनीकी कमी बताकर गन्ने की तौल को बंद करा दिया जाता है। जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भूखे प्यासे किसान गन्ने की तौल कराने के लिए चीनी मिल ठीक होने की इंतजार में सडक़ों पर खड़े रहते हैं। दूसरी तरफ चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि चीनी मिल के गियर बॉक्स का बैरिंग टूट जाने के कारण चीनी मिल संचालन बंद हो गया। टेक्नीशियन मरम्मत करने के लिए जुटे हुए हैं।

### पति के घर से बाहर जाने पर पत्नी ने की आत्महत्या

रुडक़ी। पति की गैरमौजूदगी में पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से मायके और ससुराल पक्ष में हडक़ंप मचा है। आत्महत्या के कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मिर्जापुर जिला सहारनपुर निवासी मेहराज (35) का विवाह रुडक़ी कोतवाली के बंधेड़ी महावतपुर गांव निवासी सलीम अब्बास से 2016 में निकाह हुआ था। मेहराज के दो बच्चे थे। मंगलवार सुबह सलीम ने मेहराज को बताया कि वह नाई की दुकान पर जा रहा है।

### रुडक़ी में परंपरागत तरीके से हुआ होलिका दहन

रुडक़ी। रुडक़ी में होलिका दहन परंपरागत तरीके से किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों में सुबह से ही होलिका का पूजन शुरू हो गया था। महिलाओं ने होलिका पूजन किया। शाम को मुहूर्त पर होलिका दहन किया गया। रुडक़ी में होलिका दहन मंगलवार को किया गया। होलिका दहन पूर्णिमा तिथि, रात के समय और भद्रा के बिना साया के होता है। होलिका दहन के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं। इसमें भक्त प्रह्लाद और हिरण्य कश्यप की कथा, कामदेव और भगवान शिव की कथा, द्वापर युग में कृष्ण और पूतना की कथा शामिल हैं। श्रीमद् भागवत कथा के अनुसार भक्त प्रह्लाद को मारने के उद्देश्य से उनकी बुआ प्रह्लाद को लेकर के अग्नि में बैठी। विष्णु भगवान की कृपा से होलिका जलकर राख हो गई और भक्त प्रह्लाद बच गए। तभी से होलिका दहन की परंपरा प्रारंभ हुई। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए कंस ने पूतना राक्षसी को भेजा। भगवान श्रीकृष्ण ने उसका अंत कर दिया। इसी खुशी में होली का का पर्व मनाया जाने लगा।

### पुलिस ने नगर और देहात क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

रुडक़ी। होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। इसके लिए पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स मंगवाई गई है। पुलिस ने नगर के अलावा रायसी, सुल्तानपुर और भिक्कमपुर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होने का संदेश दिया। सीओ विवेक कुमार और लक्सर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बात की और होली पर किसी भी तरह का विवाद नहीं करने की हिदायत दी। कहा कि अगर छोटी मोटी कोई घटना होती है तो खुद लड़ाई झगड़ा करने के बजाए पुलिस को सूचित करें।

# होली के दिन नैनीताल में बाइक सवारों की रहेगी नो एंट्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 7 मार्च : होली को लेकर लोगों के बीच में काफी उत्साह साफ तौर पर देखा जा रहा है। मगर इस उत्साह के बीच हुड़दंग मचाने वालों की भी कमी नहीं है। होली के दिन कई असामाजिक तत्व सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीते हैं नशे करते हैं और बाकी लोगों को असहज महसूस करते हैं जिससे ना केवल आसपास का माहौल खराब होता है बल्कि होली का असली मतलब कहीं गुम हो जाता है। उत्तराखंड के कई पर्यटक स्थलों पर भी होली के दिन हुड़दंग मचाने वाले पहुंच जाते हैं. और सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम दारु पीते हैं नशा करते हैं और जोर जोर से चीख चिल्लाकर लोगों को असहज महसूस कराते हैं। ऐसे ही लोगों के खिलाफ उत्तराखंड पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है और अलर्ट मोड पर ड्यूटी कर रही है।

पुलिस विभाग ने यह निर्णय लिया है कि होली के दिन उत्तराखंड में शांतिपूर्ण माहौल बनाने की व्यवस्था की जाएगी और होली के अवसर पर नैनीताल और रामनगर में बाहरी व्यक्ति के एंट्री पर पुलिस ने आखिरकार रोक लगा दी है। जी हां, होली के दिन उत्तराखंड में शांतिपूर्ण माहौल रहे और लोग खुली बिना किसी हिचकिचाहट और असहजता से होली मना सकें, इसलिए पुलिस ने रामनगर और नैनीताल में बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। एसएसपी पंकज भट्ट का कहना है कि- सभी से अपील है कि होली शांतिपूर्वक मनाएं।





# कोटी-डिमोऊ-डांडा मार्ग के सुधारीकरण की गुहार नहीं सुन रहा कोई ...

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के गांवों के अधिकांश संपर्क मार्ग जर्जर हाल होने के कारण ग्रामीणों को हर रोज खतरे के साए में सफर करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों तक जर्जर मार्गों के सुधारीकरण की गुहार लगाई, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कालसी ब्लॉक के प्रमुख ग्रामीण मार्ग कोटी-डिमोऊ-डांडा मार्ग की हालत बीते एक दशक से खस्ताहाल है। 21 गांवों की करीब दस हजार की आबादी को यातायात की सुविधा मुहैया कराने वाले इस मार्ग पर जगह जगह सुरक्षा दीवार टूटी हुई हैं। ये मार्ग खत शिलगांव को जोड़ते हुए पजिटिलानी मार्ग से मिलता है। एक दशक से सुधारीकरण नहीं होने के कारण मार्ग की पूरी पेंटिंग उखड़ चुकी है। मार्ग के 21 किमी के दायरे में दो हजार से अधिक गड्ढे पड़े हुए हैं। स्थानीय बाशिंदे सरदार सिंह, फतेह सिंह, प्रताप सिंह चौहान, श्याम सिंह पंवार, सीताराम जोशी, बारूदत्त जोशी ने बताया कि इसी मार्ग से 21 गांवों के ग्रामीण नगदी फसलों को बाजार तक पहुंचाने के लिए रात के अंधेरे में सफर करते हैं। जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पूर्व में इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके साथ ही कोटी-मंडोली मोटर मार्ग पर भी कई जगह पुस्ते टूटे हुए हैं। स्क्रबर नहीं होने से बरसाती नालों का पानी सडक़ पर बहता है, जिससे सडक़ क्षतिग्रस्त हो गई है। देसऊ-डांडा मोटर मार्ग, परिहाड बैंड-सिमोग मोटर मार्ग पर बीते बरसात का मलबा पड़ा होने के साथ ही करीब पांच किमी के दायरे में मार्ग धंसा हुआ है। स्थानीय बाशिंदों ने बताया कि मार्गों की हालत खस्ता होने के कारण ग्रामीण सफर करने से भी कतरा रहे हैं।

पीएमजीएसवाई के अधीन आने वाले इन मार्गों को लोनिवि के अधीन कर दिया गया है। सभी मार्गों के सुधारीकरण के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। बजट स्वीकृत होते ही सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। - प्रत्यूष कुमार, अधीक्षक अभियंता लोनिवि।

## ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोटद्वार। रिखणीखाल ब्लाक के अंतर्गत बीआरसी डाबरी में विभिन्न विद्यालयों की ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार चौधरी के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत जूनियर वर्ग की कविता पाठ प्रतियोगिता में कृष्णा व निंबध लेखन में दुर्गा पहले स्थान पर रहे। स्टाल संयोजन में गुनेड़ी संकुल पहले व ढाबखाल संकुल दूसरे स्थान पर रहे। नुक्कड़ नाटक में सीआरसी चुराणी पहले व सीआरसी द्रौटियाल दूसरे स्थान पर रहे। प्राथमिक वर्ग की फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में आकृति पहले व प्रिंस दूसरे स्थान पर रहे। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

## नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया सम्मान

कोटद्वार। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मौ. नूरूद्दीन ने मंडल अध्यक्षों व सदस्यों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है, इसलिए हम सभी को पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर पौखाल मंडल अध्यक्ष यासिन अहमद, दुगड्डा मंडल अध्यक्ष सिमरन बेगम, कालागढ़ मंडल अध्यक्ष एम खान, सुखरौ मंडल अध्यक्ष आकिब अहमद व कोटद्वार नगर मंडल अध्यक्ष मुस्कान को सम्मानित किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## कंडी रोड को सेतु भारतम योजना से जोडऩे की मांग

कोटद्वार। नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने कंडी रोड को सेतु भारतम योजना से जोडने की मांग की है। इस संबंध में मंच अध्यक्ष सी पी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने केंद्रीय सडक़ परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि रामनगर-कालागढ़-कोटद्वार-लालढ़ांग मोटर मार्ग ब्रिटिश काल से ही कंडी रोड़ के नाम से प्रचलित है। यह सडक़ वन अधिनियम लागू होने से पहले ही वन क्षेत्र में बनी हुई है। लेकिन वर्तमान में इस रोड़ का निर्माण कार्य बंद है जिस कारण कोटद्वार स्थित औद्योगिक व्यवसाइयों को दोहरे कराधान से जूझना पड़ रहा है।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने पर दिया जोर

ऋषिकेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यूथ-20 सम्मिट के तहत एम्स ऋषिकेश में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि एम्स ऋषिकेश एक लैंगिक समावेशी और लैंगिक संवेदनशील संगठन होने की दिशा में काम कर रहा है। यह समूह लिंग आधारित मुद्दों पर संवेदीकरण और समर्थन की दिशा में काम करेगा।

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि गौरा देवी जैसी उत्तराखंड की मजबूत महिलाओं के इतिहास को हमें हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से अपने संस्कारों के प्रति संकल्पित रहने का आह्वान किया। कहा कि किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने एक चिकित्सक और नर्स के रूप में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं के योगदान पर भी प्रकाश डाला और किशोरियों तथा महिलाओं को अपने विषय में गूढ़ अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

ऑनलाइन माध्यम के जरिए सिंगापुर से अंतर्राष्ट्रीय वक्ता अंजू जसवाल ने कारपोरेट क्षेत्र के संदर्भ में कामकाजी महिलाओं के वैश्विक परिदृश्य पर चर्चा की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दिल्ली की प्रोफेसर मीराम्बिका महापात्र ने महिलाओं के लिए भारतीय परिदृश्य के विषय पर चर्चा की और महिलाओं के समर्थन में की जा रही कार्यवाहियों पर प्रकाश डाला। संस्थान की डीन एकेडमिक्स प्रो. जया चतुर्वेदी ने बालिकाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सशक्त बनाने पर जोर दिया। कहा कि तभी महिला समाज अपना सही मुकाम हासिल कर सकते हैं।

मौके पर डॉ. वंदना ढींगड़ा, पीजीआईएमईआर के प्रोफेसर मधु, प्रो. मनोज गुप्ता, प्रो. लतिका मोहन, डॉ. मीनाक्षी धर, डॉ. अंजुम सैय्यद, डॉ. रश्मि मल्होत्रा, प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ नर्सिंग डॉ. स्मृति अरोड़ा, डॉ. बेल्सी, डॉ. मलार कोडी, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. पूर्वी कुलश्रेष्ठ, डॉ. पूजा भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनऔषधि दिवस का आयोजन किया गया

नैनीताल। बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में मंगलवार को जन औषधि दिवस मनाया गया। इसमें पीएमएस डॉ. एलएमएस रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने जनऔषधि की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनपद नैनीताल में विभिन्न चिकित्सा इकाइयों पर जन औषधि केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इसका लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। किफायती दामों पर अच्छी गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध करवाना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। इस अवसर पर कुछ मरीजों को जन औषधि केंद्र से दवाएं भी बांटी गईं। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा ने किया। इस अवसर पर बीएस कडाकोटा, डॉ.अनिरुद्ध गंगोला, देवेंद्र बिष्ट, शशि कला पांडे, रितु, डीएस गंगोल, सुरेंद्र गिरी, दीपिका तिवारी आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड में परीक्षा से पहले की की गई थी फिक्सिंग: भुल्लर

नैनीताल। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड में कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा से पहले ही फिक्सिंग की गई थी। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में पश्नपत्रों के चारों सेट में सभी प्रश्न एक समान हैं। वह मंगलवार को रामनगर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। रानीखेत रोड स्थित नगरपालिका के एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि बीते दिनों कनिष्ठ सहायक भर्ती मामले में सीबीआई जांच करवाने की मांग की गई पर इस पर सीबीआई जांच नहीं की जा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षा पहले से ही फिक्सिंग की गई थी। कहा, इससे राज्य सरकार की नाकामी जाहिर होती है। राज्य सरकार को चाहिए कि सीबीआई जांच करवाई जाए। कहा कि जब तक असली गुनहगार सलाखों के पीछे नहीं पहुंचेगा तब तक निष्पक्ष परीक्षा उत्तराखंड में नहीं हो पाएगी। कहा कि कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा में एक बार फिर सरकार और आयोग ने प्रदेश के बेरोजगारों के साथ छल किया है। बताया कि मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता 13 मार्च को दून में सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करेंगे। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व सभासद तनुज दुर्गापाल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अभिमन्यु डंगवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, युवा कांग्रेस नेता अनुज दुर्गापाल, लोकेश पांडे आदि मौजूद रहे।

### अचानक पटरी से उतरा मालगाड़ी का एक डिब्बा, बड़ा हादसा टला

ऋषिकेश। सोमेश्वरनगर के पास मालगाड़ी का एक डिब्बा अचानक पटरी से उतर गया। गनीमत रही कि उस समय पटरी के पास कोई नहीं था, जिससे हादसा टल गया। घटना से रेलवे में हडकंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली। रेलवे सूत्रों के मुताबिक मंगलवार शाम एक मालगाड़ी, जिसमें करीब छह डिब्बे लगे थे। यह माल गाड़ी वीरभद्र रेलवे स्टेशन से ऋषिकेश पुराने रेलवे स्टेशन आ रही थी। बताया जा रहा है कि माल गाड़ी जैसे ही सोमेश्वरनगर के पास पहुंची तभी उसके एक डिब्बा अचानक पटरी से नीचे उतर गया। इंजन पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वहीं ब्रेक लगा दिए। जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना होते देख आसपास के लोग उस ओर दौड़ पड़े। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन कर घटना की जानकारी ली। घटना में किसी के हताहत नहीं होने पर राहत की सांस ली। स्टेशन अधीक्षक एसके शर्मा ने बताया कि स्टेशनों में बने यार्ड के बीच मालगाड़ी अक्सर संटिंग करती रहती है। मंगलवार को भी संटिंग के दौरान मालगाड़ी के सबसे लास्ट का एक डिब्बा का पहिया एक पटरी से उतरकर दूसरी पटरी पर चला गया था। घटना से किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है।

### मेडिकल स्टोर संचालक ने खाया विषाक्त, मौत

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अंबाड़ी स्थित मेडिकल स्टोर संचालक हाल निवासी सहसपुर मूल निवासी हिमाचल प्रदेश ने अपने मेडिकल स्टोर में जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में युवक को लेहमन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। सहसपुर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। अनुज कुमार 20 पुत्र रामकरण मूल निवासी गांव आल्दी थाना कांधला जिला शिमला हिमाचल प्रदेश अपने मामा के साथ टीचर्स कॉलोनी सहसपुर में रहता था। अंबाडी विकासनगर में अनुज कुमार मेडिकल स्टोर चलाता था। सोमवार को अनुज कुमार ने अपने मेडिकल स्टोर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजनों व पुलिस ने अनुज कुमार को लेहमन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मंगलवार को अनुज कुमार ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। हरबर्टपुर चौकी पुलिस की सूचना पर सहसपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा पोस्ट मार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। कहा कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### गन्ना विकास समिति में हुआ होली मिलन समारोह

रुडक़ी। लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति मंगलौर में होली मिलन का कार्यक्रम किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि सुशील राठी ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ फूलों की होली खेली। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीके चौधरी, सचिव प्रभारी अनन्त सिंह, गन्ना विकास निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार वर्मा, मोहम्मद अनीस, गन्ना पर्यवेक्षक जयप्रकाश, शिवराम, सुनील सेमवाल, रमन सैनी, पृथ्वीराज चौहान, सुधांशु त्यागी, देवेंद्र कुमार, विमलेश कुमार, सर्वेश कुमार शर्मा, कुलदीप शर्मा, नकुल चौहान, उज्जवल, अजीत, देवेंद्र कुमार, गब्बर सिंह आदि मौजूद रहे। बाद में सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### ससुरालियों पर लगाया सामूहिक दुराचार का आरोप

रुडक़ी। संदेह के आधार पर विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की। आरोप है कि महिला के साथ दुराचार किया। साथ ही उसके पति पर अश्लील वीडियो बनाए जाने का भी आरोप है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुजफ्फरनगर जनपद निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन का विवाह करीब 12 वर्ष पूर्व मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गांव में हुआ था। आरोप है कि कुछ दिन से उसके ससुराल वाले उसकी बहन को परेशान कर रहे थे। उस पर संदेह करने लगे थे। तहरीर में बताया गया कि कुछ दिनों से उसकी बहन अपने मायके में रह रही थी। आरोप है कि चार मार्च शाम को जब वह अपनी ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता अपनी जान बचाकर अपने कमरे में जा घुसी। कमरा भीतर से बंद कर दिया।